# भोगीलाल लहेरचन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी

**विजय वल्लभ स्मारक जैन मंदिर, जी. टी. करनाल रोड, पोस्ट अलीपुर, दिल्ली 110036**

## उमास्वाति कृत '*तत्त्वार्थसूत्र*' पर राष्ट्रीय कार्यशाला

**(रविवार 19 मार्च से गुरुवार 30 मार्च 2023 तक)**

सहर्ष सूचनीय है कि यह भोगीलाल लहेरचन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी, पुनः जैन-दर्शन के आधारभूत प्रथम संस्कृत ग्रन्थ **उमास्वाति कृत 'तत्त्वार्थसूत्र'** (तत्त्वार्थाधिगमसूत्र) पर एक बारह-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करने जा रहा है जो **19 मार्च से बुधवार 30 मार्च 2023 तक** सम्पन्न होगी।

प्रस्तुत ग्रन्थ सूत्रशैली में विरचित, जैन-दर्शन परम्परा की एक अति महत्त्वपूर्ण संस्कृत रचना है। इसका प्रणयन विक्रम सम्वत् की प्रारम्भिक शताब्दियों में आगमों का सार सूत्र शैली में किया गया है। इसके माध्यम से जैन तत्त्वमीमांसा, ज्ञानमीमांसा, आचारमीमांसा, जैन कर्म सिद्धान्त, लोक, मोक्ष आदि विषयों का सम्यक् ज्ञान हो जाता है। जैन-दर्शन के प्रमुखतम और प्राचीनतम संस्कृत ग्रन्थों में यह सर्वश्रेष्ठ है।

**पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए योग्यता** – कार्यशाला में भाग लेने के लिये भारतीय दर्शन, जैन या बौद्ध दर्शन, अथवा संस्कृत में कम से कम परास्नातक योग्यता (एम. ए. या आचार्य) अपेक्षित है। जो व्यक्ति जैन विद्या से सम्बन्धित विषयों पर एम.फिल् या पी-एच.डी. उपाधि हेतु कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यशाला का माध्यम सामान्यतः हिन्दी भाषा रहेगी।

इस कार्यशाला में जिज्ञासु प्रतिभागियों को **तत्त्वार्थसूत्र** का सूत्रों के ऊपर आधारित गहन अध्ययन कराया जाएगा। **सूत्रों का अध्यापन इसकी स्वोपज्ञवृत्ति (तत्त्वार्थाधिगमभाष्य) सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक आदि** को आधार बनाकर किया जाता है। साथ ही ग्रन्थ में विवेचित प्रमुख अवधारणाओं की अन्य ग्रन्थों के आधार पर भी विस्तार से व्याख्या की जाती है। जैन-विद्या का अल्प समय में ही ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक एवं जैन-विद्या के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिभागियों के लिए यह कार्यशाला अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी। जो छात्र यू.जी.सी. नेट की तैयारी कर रहे हैं, उनको भी उपयोगी होगा। महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों को भी कार्यशाला में सम्मिलित होने का लाभ मिलता है।

**कार्यशाला का समय** - यह कार्यशाला पूर्णतः आवासीय है और अध्ययन क्रम प्रातः 9:30 बजे से लेकर सायं 5:00 बजे तक चलता है। इसी बीच में समय-समय पर भोजन एवं चाय आदि की व्यवस्था है।

**कार्यशाला में पंजीकरण हेतु आवेदन राशि केवल रु. 500 है,** प्रतिभागियों के लिये आवास, जैन-भोजन, पुस्तकादि की समुचित व्यवस्था **पूर्णतः निःशुल्क** है। आवेदन राशि का भुगतान ***Bhogilal Leherchand Institute of Indology*** के नाम बैंक ड्राफ्ट, चेक या नगद भुगतान या सीधे बैंक द्वारा ट्रांस्फर संस्थान के **Acct. No. 520101011275339 (IFSC Code UBIN0905852)** में किया जा सकता है।

कार्यशाला में प्रतिभागियों की संख्या सीमित है। भाग लेने के इच्छुक प्रत्याशी कृपया अपनी योग्यता आदि का विवरण देते हुए संस्थान से शीघ्र संपर्क करें। आवदेन पत्र ***http://blinstitute.org*** संज्ञक वैबसाइट पर उपलब्ध है।

**आवेदन करने की अंतिम तिथि – 28 फरवरी, 2023 है।** (The last date for submission of the application is 28th of Feb. 2023) । आवेदन ई-मेल द्वारा भी किया जा सकता है। चयनित प्रतिभागियों को सूचित किया जायेगा।

**सम्पर्क - प्रो. विजय कुमार जैन, निदेशक, मो. 9140066105, कार्यालय- 9871780204, 9891354932,** director@blinstitute.org; blinstitute1984@gmail.com

# Bhogilal Leherchand Institute of Indology

APPLICATION FORM

## Workshop on Tattvarthasutra of Umasvati

**19TH MARCH 2023 to 30TH MARCH 2023**

Paste your stamp size photograph

1. **Name of the applicant :** ..................................………..................................
2. **Date of Birth:** ………..………………..............................……..........
3. **Educational Qualifications:**

| *Name of the Examination* | *Name of University* | *Year of Passing* | *Subjects / specialisation* | *Division & % of marks* |
|---|---|---|---|---|
| B.A | | | | |
| M.A. | | | | |
| Ph.D | | | | |

4. **Present Engagement / Occupation** : ……… ...............................................................
5. **Full Postal Address** :…………………………..........................................................................
   ...........................................................................................................................................
   ...........................................................................................................................................
   .
6. **E-mail ID. with Phone No.** :…………….. ………………………………………………..
7. **DD/Cheque/Direct Bank Tr. No.:** …………………………………………………..
8. **Title of the M. Phil. dissertation :** ……………………………………………………..
9. **Title of the Ph. D. thesis, if pursuing Research work, or have finished it**: ………………..
   ……………………………………………………………………………………………
10. **Give details about your knowledge of Sanskrit and Indian Philosophy :** ………………
………………………………………………………………………………………………
……………………………………………………………………………………………..

Place:

Date: Signature of the Candidate

*Please Note* :

1. Paste one stamp size photograph on the space given on the application form and also attach an additional photo for identity card with your application.
2. Enclose photocopies of yours Master's /Doctorate certificates.
3. Candidates shall be informed of their admission by e-mail or phone.